नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 24

No. of Printed Pages — 7

# S—08–1—Social Science I

## माध्यमिक परीक्षा, 2011

SECONDARY EXAMINATION, 2011

## सामाजिक विज्ञान — प्रथम पत्र

## SOCIAL SCIENCES – First Paper

समय : $3\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 40

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**General Instructions to the Examinees :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

   *All* the questions are compulsory.

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

   For questions having more than one part carrying similar marks, the answers of those parts are to be written together in continuity.

5. प्रश्न क्रमांक **23** व **24** में आन्तरिक विकल्प हैं ।

   There are internal options in Q. Nos. 23 & 24.

6. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग ( i, ii, iii तथा iv ) हैं । प्रत्येक भाग के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :
There are *four* parts ( i, ii, iii and iv ) in Question No. 1. Each part has *four* alternatives *A, B, C* and *D*. Write the letter of the correct alternative in the answer-book at a place by making a table as mentioned below :

| **प्रश्न क्रमांक**<br>**Question No.** | **सही उत्तर का क्रमाक्षर**<br>**Correct letter of the Answer** |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

1. (i) भारत की सांस्कृतिक विरासत है

(अ) राजप्रासाद (ब) साहित्य

(स) वनस्पतियाँ (द) मंदिर ।

Indian cultural heritage is

(A) Palaces (B) Literature

(C) Flora (D) Temples. $\frac{1}{2}$

(ii) राजस्थान में किस दुर्ग को 'कटारगढ़' कहा जाता है ?

(अ) रणथम्भोर (ब) चित्तौड़गढ़

(स) कुम्भलगढ़ (द) मेहरानगढ़ ।

Which fort is called 'Katargarh' in Rajasthan ?

(A) Ranthambhor (B) Chittorgarh

(C) Kumbhalgarh (D) Mehrangarh. $\frac{1}{2}$

(iii) भारत का वह राज्य जहाँ से राज्य सभा के लिए राजस्थान के बराबर सदस्य चुने जाते हैं, है

(अ) केरल (ब) गुजरात

(स) छत्तीसगढ़ (द) उड़ीसा ।

Which state of India elects same number of members for Rajya Sabha as Rajasthan ?

(A) Kerala (B) Gujarat

(C) Chhattisgarh (D) Orissa. $\frac{1}{2}$

(iv) प्राचीन समय में दक्षिण भारत में स्थानीय स्वशासन का सबसे अच्छा उदाहरण जिस शासन में देखने को मिलता है, वह है

(अ) चालुक्य (ब) चोल

(स) पल्लव (द) राष्ट्रकूट ।

The best example of local self-administration in ancient period of South India in the administration is

(A) Chalukya (B) Chola

(C) Pallava (D) Rashtrakuta. $\frac{1}{2}$

**नोट :** प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **10** शब्दों में दीजिए ।

*Note* : Answer Q. Nos. **2** to **5** in about **10** words each.

2. राजस्थान में कार्तिक मास में लगने वाले दो मेलों के नाम लिखिए ।

Name two fairs of Rajasthan organized in the month of Kartik.

$\frac{1}{4} + \frac{1}{4} = \frac{1}{2}$

3. वर्तमान में राजस्थान विधान सभा का अध्यक्ष कौन है ?

Who is the speaker of present Rajasthan assembly ? $\frac{1}{2}$

4. पंचायत राज व्यवस्था की ग्राम एवं ब्लॉक स्तरीय संस्थाओं के नाम लिखिए ।

Mention the names of village and block level institutions of Panchayat Raj System. $\frac{1}{4} + \frac{1}{4} = \frac{1}{2}$

5. राजस्थान में पुरातात्विक महत्व के किन्हीं दो स्थलों के नाम लिखिए ।

Write the names of two Archaeological sites in Rajasthan. $\frac{1}{4} + \frac{1}{4} = \frac{1}{2}$

**नोट :** प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30** शब्दों में दीजिए ।

*Note* : Answer Q. Nos. **6** to **10** in about **30** words each.

6. ''उच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय भी है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

"High Court is also a court of records." How ? Clarify it. 1

7. ''गुप्त वंश के शासकों में संगीत के प्रति रुचि थी ।'' प्रमाण दीजिए ।

"Rulers of Gupta dynasty were interested in music." Give evidence. 1

8. भूकम्प क्या है ?

What is an earthquake ? 1

9. ''कई बार मानवीय कार्यों के परिणामस्वरूप भी प्राकृतिक आपदाएँ होती हैं ।'' ऐसी दो प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख कीजिए ।

"Many times due to human activities natural disasters occur." Mention two such natural disasters. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$

10. किस परिस्थिति में और किसके द्वारा लोकसभा का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है ?

In which circumstances and by whom can be the term of the Lok Sabha extended ? $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$

**नोट :** प्रश्न संख्या **11** से **18** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **50** से **80** शब्दों तक दीजिए ।

*Note* : Answer Q. Nos. **11** to **18** in about **50** to **80** words each.

11. स्तूप क्या है ? सांची के स्तूप की दो विशेषताएँ लिखिए ।

What is stoop ? Write two characteristics of the stoop of Sanchi.

$\frac{1}{2} + 1 = 1\frac{1}{2}$

12. राजस्थानी लोक चित्रकला 'मांडना' के बारे में आप क्या जानते हैं ?

What do you know about 'Mandna', a folk art of Rajasthani painting ?

$1\frac{1}{2}$

13. यदि आप जिला प्रमुख निर्वाचित होते हैं, तो अपने जिले के कमजोर वर्गों के कल्याण हेतु कौन-से कार्यों को प्राथमिकता देंगे ?

If you are elected as a Zilla Pramukh, what will be your priorities for welfare work for poor persons of your district ? $1\frac{1}{2}$

14. यदि आप निर्वाचन अधिकारी हैं, तो सरपंच पद के उम्मीदवार के लिए प्राप्त आवेदन जाँच में किन-किन योग्यताओं का ध्यान रखेंगे ?

If you are a Returning Officer, which elegibilities will you consider for accepting the nomination form for a candidate of Sarpanch post ? $1\frac{1}{2}$

15. छावनी बोर्ड के गठन पर टिप्पणी लिखिए ।

Write a short note on the formation of Cantonment Board. $1\frac{1}{2}$

16. नगर निगम के महापौर का चुनाव कौन करता है ? महापौर द्वारा कौन-से प्रमुख कार्य किए जाते हैं ?

Who elects Mayor of city corporation ? What are the main functions of Mayor ? $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1\frac{1}{2}$

17. "संकट और आपदा में निकट का संबंध है ।" सिद्ध कीजिए ।

"A close affinity is there in calamity and disaster." Prove it. $1\frac{1}{2}$

18. सूखे को 'खामोश आपदा' क्यों कहा जाता है ? सूखे से निपटने के संबंध में आप क्या महत्वपूर्ण कार्य करेंगे ?

Why is drought called a 'silent disastar' ? What important works would you like to do to handle drought situation ? $\frac{1}{2} + 1 = 1\frac{1}{2}$

19. राजस्थान के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | जयपुर | (ii) | जोधपुर |
| (iii) | उदयपुर | (iv) | बांसवाड़ा |
| (v) | अजमेर | (vi) | टोंक । |

Trace the following places on the map of Rajasthan : $6 \times \frac{1}{4} = 1\frac{1}{2}$

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Jaipur | (ii) | Jodhpur |
| (iii) | Udaipur | (iv) | Banswara |
| (v) | Ajmer | (vi) | Tonk. |

20. भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | मुम्बई | (ii) | दिल्ली |
| (iii) | गुवाहाटी | (iv) | भुवनेश्वर |
| (v) | श्रीनगर | (vi) | पटना । |

Trace the following places on the map of India : $6 \times \frac{1}{4} = 1\frac{1}{2}$

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Mumbai | (ii) | Delhi |
| (iii) | Guwahati | (iv) | Bhubaneshwar |
| (v) | Srinagar | (vi) | Patna. |

**नोट :** प्रश्न संख्या **21** से **24** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **200** से **250** शब्दों तक दीजिए ।

*Note* : Give the answer of Q. Nos. **21** to **24** in about **200** to **250** words each.

21. ''प्राचीन भारतीय साहित्य मूलत: धर्म प्रधान था ।'' वैदिक, जैन एवं बौद्ध साहित्य के संदर्भ में इस कथन की विवेचना कीजिए ।

"The ancient Indian literature was primarily religion oriented." Discuss the statement in reference to literature of Vedic, Jain and Buddhist.
$2 + 1 + 1 = 4$

22. राजस्थान के प्रमुख दुर्गों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

Describe the features of important forts of Rajasthan. 4

23. ''प्रधानमंत्री भारतीय शासन की धुरी है ।'' इस कथन के संदर्भ में प्रधानमंत्री की प्रमुख शक्तियों की विवेचना कीजिए ।

**अथवा**

लोक सभा एवं राज्य सभा की प्रमुख शक्तियों की तुलनात्मक विवेचना कीजिए ।

"Prime Minister is the basis of the Indian administration." Discuss the main powers of the Prime Minister with reference to this statement. 4

OR

Compare the main powers of Lok Sabha and Rajya Sabha. 4

24. ''मुख्यमंत्री किसी राज्य का शासनाध्यक्ष है ।'' इस कथन के संदर्भ में मुख्यमंत्री की नियुक्ति एवं उसकी शक्तियों की विवेचना कीजिए ।

**अथवा**

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :

(i) अधीनस्थ न्यायालय

(ii) लोक अदालतें

(iii) जनहित याचिकाएँ

(iv) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की योग्यताएँ ।

"Chief Minister is the head of the Government in a state." Discuss the appointment and powers of a Chief Minister with reference to this statement. $\frac{1}{2} + 3\frac{1}{2} = 4$

OR

Write short notes on the following :

(i) Subordinate courts

(ii) Lok Adalats

(iii) Public interest petitions

(iv) Qualifications of High Court Judges. $1 + 1 + 1 + 1 = 4$

# S—08–1—Social Science - I


नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

माध्यमिक परीक्षा, 2011

**SECONDARY EXAMINATION, 2011**

**Subject : SOCIAL SCIENCES, Paper - I**



## S—08–1—Social Science - I

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

माध्यमिक परीक्षा, 2011

**SECONDARY EXAMINATION, 2011**

**Subject : SOCIAL SCIENCES, Paper - I**

